# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

## CUH signed MoU with Central University of Himachal Pradesh

**Newspaper: Yugmarg** **Date: 06.10.2021**

# Central Universities of Haryana and HP will work together in field of teaching, research and innovation

**SURESH PANCHOLI**
**MAHENDERGARH, OCT 5**



Central University of Haryana as well as Central University of Himachal Pradesh will now move forward with mutual cooperation for achieving the set goals of National Education Policy (NEP)-2020 and for all round development of students. Both universities will share the academic and institutional resources available with each other on the frontiers of teaching, research and innovation. Professor Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of Central University of Haryana, Mahendragarh and Professor S.P. Bansal, Vice Chancellor of Central University of Himachal Pradesh, Dharamsala have signed a Memorandum of Understanding (MoU) for this partnership. Professor Rajnish Kumar Shukla, Vice Chancellor, Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi VishwaVidyalaya, Wardha was also present on the occasion.The Vice Chancellor of Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh, Prof. Tankeshwar Kumar said that through this MoU, both the Central Universities will establish a system of mutual cooperation starting from studies, teaching, research, conference, seminar to academic human resources and available institutional resources at the level of online and offline facilities available in Laboratory, Central Instrumentation Center and Central Library.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 06.10.2021**

# शिक्षण, शोध व नवाचार के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे हरियाणा व हिमाचल के विवि

## समझौता ज्ञापन पर दोनों केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने किए हस्ताक्षर

**महेंद्रगढ़** | राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ेंगे। दोनों ही विश्वविद्यालय शिक्षण, शोध व नवाचार के मोर्चे पर एक दूसरे के साथ उपलब्ध शैक्षणिक व संस्थागत संसाधनों को साझा करेंगे। हकेंवि के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के प्रोफेसर एस पी बंसल ने इस साझेदारी हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।



प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों ही केंद्रीय विश्वविद्यालय अध्ययन, अध्यापन, शोध, सम्मेलन, संगोष्ठी से लेकर शैक्षणिक मानव संसाधन व उपलब्ध संस्थागत संसाधनों लैबोरेटरी, सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध ऑनलाइन व ऑफलाइन सुविधाओं के स्तर पर आपसी सहयोग की व्यवस्था को स्थापित करेंगे। प्रो.टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से दोनों ही विश्वविद्यालय शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थियों के लिए एक मंच तैयार कर काम करेंगे, ताकि दोनों ही विश्वविद्यालय अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर सकें। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित परिसर में हुए इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विशाल सूद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06.10.2021**

## नवाचार के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे केंद्रीय विश्वविद्यालय

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अब हरियाणा और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ेंगे।

दोनों विश्वविद्यालय शिक्षण, शोध, नवाचार के मोर्चे पर एक दूसरे के साथ उपलब्ध शैक्षणिक, संस्थागत संसाधनों को साझा करेंगे।

**समझौता ज्ञापन पर हरियाणा व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के कुलपतियों ने किए हस्ताक्षर**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के प्रो. एसपी बंसल ने इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।

इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहें। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से दोनों ही केंद्रीय विश्वविद्यालय अध्ययन, अध्यापन, शोध, सम्मेलन, संगोष्ठी से लेकर शैक्षणिक मानव संसाधन, उपलब्ध संस्थागत संसाधनों, प्रयोगशालाओं, सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध ऑनलाइन, ऑफलाइन सुविधाओं के स्तर पर आपसी सहयोग की व्यवस्था को स्थापित करेंगे। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 06.10.2021**

# कुलपतियों ने किए हस्ताक्षर

## शिक्षण, शोध व नवाचार के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) -2020 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ेंगे। दोनों ही विश्वविद्यालय शिक्षण, शोध व नवाचार के मोर्चे पर एक दूसरे के साथ उपलब्ध शैक्षणिक व संस्थागत संसाधनों को साझा करेंगे। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के प्रोफेसर एस पी बंसल ने इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों ही केंद्रीय विश्वविद्यालय अध्ययन, अध्यापन, शोध, सम्मेलन, संगोष्ठी से लेकर शैक्षणिक मानव संसाधन व उपलब्ध संस्थागत संशाधनों लेबोरेटरी, सेंट्रल



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .टंकेश्वर कुमार व प्रो . सत्यप्रकाश बंसल ● साभार हकेंवि

इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध ऑनलाइन व आफलाइन सुविधाओं के स्तर पर आपसी सहयोग की व्यवस्था को स्थापित करेंगे। प्रो.टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से दोनों ही विवि शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थियों के लिए एक मंच तैयार कर काम करेंगे, ताकि दोनों ही विश्वविद्यालय अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर सकें। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के कुलपति प्रोफेसर एसपी बंसल ने इस अवसर पर कहा कि अवश्य ही इस साझेदारी का लाभ न सिर्फ दोनों ही विवि के सहभागियों को मिलेगा बल्कि इसके माध्यम से आने वाले परिणाम देश के विकास में मददगार होंगे। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित परिसर में हुए इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विशाल सूद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 06.10.2021**

# अब मिलकर काम करेंगे हरियाणा व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ेंगे। दोनों ही विवि शिक्षण, शोध व नवाचार के मोर्चे पर एक दूसरे के साथ उपलब्ध शैक्षणिक व संस्थागत संसाधनों को सांझा करेंगे। हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के प्रो. एसपी बंसल ने इस साझेदारी हेतु समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए है। इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे। हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों ही केंद्रीय विवि अध्ययन, अध्यापन, शोध, सम्मेलन, संगोष्ठी से लेकर शैक्षणिक मानव संसाधन व उपलब्ध संस्थागत संसाधनों लैबोरेटरी, सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर, केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध ऑनलाइन व ऑफलाइन सुविधाओं के की व्यवस्था को स्थापित करेंगे।

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 06.10.2021**

# शिक्षण, शोध व नवाचार के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे हरियाणा व हि.प्र.कें.वि.

## समझौता ज्ञापन पर दोनों ही विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने किए हस्ताक्षर

महेंद्रगढ़, 5 अक्तूबर (परमजीत, मोहन) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.)-2020 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आपसी सहयोग के साथ आगे बढ़ेंगे। दोनों ही विश्वविद्यालय शिक्षण, शोध व नवाचार के मोर्चे पर एक-दूसरे के साथ उपलब्ध शैक्षणिक व संस्थागत संसाधनों को सांझा करेंगे। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के प्रो. एस.पी. बंसल ने इस सांझेदारी हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों ही केंद्रीय विश्वविद्यालय अध्ययन, अध्यापन, शोध, सम्मेलन, संगोष्ठी से लेकर शैक्षणिक मानव संसाधन व उपलब्ध संस्थागत संसाधनों लैबोरेटरी, सैंट्रल इंस्ट्रूमैंटेशन सैंटर, केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध ऑनलाइन व ऑफलाइन सुविधाओं के स्तर पर आपसी सहयोग की व्यवस्था को स्थापित करेंगे। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से दोनों ही विश्वविद्यालय शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थियों के लिए एक मंच तैयार कर काम करेंगे। प्रो. एस.पी. बंसल ने इस अवसर पर कहा कि अवश्य ही इस सांझेदारी का लाभ न सिर्फ दोनों ही विश्वविद्यालय के सहभागियों को मिलेगा बल्कि इसके माध्यम से आने वाले परिणाम देश के विकास में मददगार होंगे। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित परिसर में हुए इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल व हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विशाल सूद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



*एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. सत्य प्रकाश बंसल।*